# जागरण : सीहोर : शाजापुर : देवास



## न्यूज कार्नर

### विद्युत कंपनी की उपभोक्ताओं को सलाह

**सीहोर।** बिजली की खपत बढ़ने से बिजली बिल अधिक आता है, लेकिन कुछ तरीके अपना कर बिजली बिल में कमी की जा सकती है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि एक शोध से यह साबित हुआ है कि एसी का तापमान 26 डिग्री पर सेट करने से बिजली बिल में 30 प्रतिशत तक कमी हो सकती है। साथ ही शोध के अनुसार, प्रत्येक डिग्री तापमान में वृद्धि के परिणामस्वरूप स्प्लिट एसी की ऊर्जा खपत में 6 प्रतिशत की कमी आती है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अनुसार गर्मियों के दौरान एयर कंडीशनर के लगातार चलने के कारण बिजली का बिल उपभोक्ताओं के लिए चिंता का एक ब ?ा कारण बन जाता है। लेकिन एयर कंडीशनर का समझदारी से उपयोग करके आप इसे काफी हद तक कम कर सकते हैं। विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा जारी सुझावों में सबसे महत्वपूर्ण है कि एसी को ऊंचे लेकिन आरामदायक तापमान पर चलाना चाहिए।

### शासकीय आईटीआई में प्रवेश प्रारंभ

**सीहोर।** सीहोर स्थित डॉ. अम्बेडकर शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था आईटीआई में सत्र 2026-27 हेतु विभिन्न व्यवसायों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय पोर्टल एवं पर जाकर प्रवेश रजिस्ट्रेशन 2026 विकल्प के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। संस्था में इस वर्ष हिन्दी स्टेनो, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट, कम्प्यूटर हार्डवेयर एवं नेटवर्किंग मेंटेनेंस, फैशन डिजाइन एवं टेक्नोलॉजी, विद्युतकार इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, स्पिनिंग टेक्नीशियन तथा विद्युतकार स्ट्ङ्क्ष जैसे विभिन्न व्यवसाय संचालित किए जा रहे हैं। इनमें एक वर्षीय एवं दो वर्षीय पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। प्रवेश के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं उत्तीर्ण निर्धारित की गई है।

### शिक्षकों के गर्मियों के अवकाश में वृद्धि

**सीहोर।** प्रदेश में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और हीट वेव की स्थिति को देखते हुए लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश ने शिक्षकों के ग्रीष्मकालीन अवकाश की अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया है। वर्तमान में कई जिलों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया जा रहा है, जिससे शिक्षकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना को ध्यान में रखते हुए यह आदेश जारी किया गया है। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार शिक्षकों के लिए घोषित ग्रीष्मकालीन अवकाश, जो पूर्व में निर्धारित था, अब 01 मई से 07 जून 2026 तक प्रभावी रहेगा। अवकाश अवधि में शिक्षक जनगणना एवं बोर्ड परीक्षाओं से संबंधित कार्यों का संपादन कर रहे हैं। आयुक्त लोक शिक्षण अभिषेक सिंह द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि अत्यधिक गर्मी की परिस्थितियों को देखते हुए यह निर्णय शिक्षकों के स्वास्थ्य हित में लिया गया है। इस संबंध में सभी संभागीय संयुक्त संचालकों, जिला शिक्षा अधिकारियों एवं जिला परियोजना समन्वयकों को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

## झुलसते दिनों के बाद आई ठंडी फुहार की आहट, 10 डिग्री लुढ़का पारा, सूरज के सितम हुए कम

**जागरण, सीहोर।** पिछले पंद्रह दिनों से आग उगलते सूरज और झुलसा देने वाली गर्म हवाओं के बीच तड़प रहे सीहोर जिले को आखिरकार राहत की सांस मिल गई है। नौतपे के आखिरी चरण में मौसम ने ऐसा यू-टर्न लिया कि गर्मी का पूरा साम्राज्य भरभराकर ढह गया। तेज हवाओं, काले बादलों और प्री-मानसून बारिश ने जिले के मौसम को पूरी तरह बदल दिया। जावर और इछावर क्षेत्र में हुई झमाझम बारिश ने तपते हुए जनजीवन को ठंडक का अहसास कराया और मानसून के आगमन का बिगुल बजा दिया।

बीते दो सप्ताह से सीहोर जिला भीषण गर्मी की गिरफ्त में था। सूरज की तपिश इतनी खतरनाक थी कि दोपहर के समय सड़कें वीरान नजर आने लगी थीं। बाजारों में सन्नाटा छा जाता था और लोग घरों में कैद रहने को मजबूर थे। नौतपे ने आमजन, किसानों और मजदूरों की हालत खराब कर दी थी। लेकिन शनिवार को मौसम ने अचानक ऐसा पलटवार किया कि गर्मी के सारे तेवर धरे के धरे रह गए।

### 46 से 34 डिग्री पर तापमान

20 मई को जिले का अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जो इस सीजन का सबसे गर्म दिन साबित हुआ। इसके बाद लगातार तापमान 43 से 45 डिग्री के बीच बना रहा। शुक्रवार को भी अधिकतम तापमान 44.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था, लेकिन शनिवार को मौसम के अचानक बदले मिजाज ने बड़ा उलटफेर कर दिया। महज कुछ घंटों में तापमान 10 से 12 डिग्री तक लुढ़क गया और अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया।

### जावर और इछावर में बरसे बादल



शनिवार को जावर और इछावर क्षेत्र में तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश हुई। बादलों की घेराबंदी इतनी मजबूत रही कि कई इलाकों में दिनभर सूरज के दर्शन तक नहीं हुए। बारिश की फुहारों और ठंडी हवाओं ने वातावरण को पूरी तरह बदल दिया। लोग घरों से बाहर निकले और लंबे समय बाद राहत महसूस की। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी के चेहरे पर मौसम की इस मेहरबानी की खुशी साफ दिखाई दी।

### मौसम बदलने की दस्तक

जिले के कई हिस्सों में सुबह से ही धूलभरी आंधी का दौर शुरू हो गया था। तेज रफ्तार हवाओं ने पेड़ों को झकझोर दिया और आसमान में धूल के गुबार छा गए। इसके बाद धीरे-धीरे काले बादलों ने पूरे आसमान को अपने कब्जे में ले लिया। मौसम का यह बदलता रंग लोगों के लिए किसी राहत भरे संदेश से कम नहीं था। शासकीय कृषि महाविद्यालय स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस.एस. तौमर ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टरबेंस) के सक्रिय होने से मौसम में यह बड़ा बदलाव देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि वर्तमान स्थिति पूरी तरह प्री-मानसून गतिविधियों का हिस्सा है और यह संकेत दे रही है कि मानसून अपनी तय समयावधि के अनुसार आगे बढ़ रहा है।

### फिर बरस सकते हैं बादल

मौसम विभाग ने आने वाले 24 से 48 घंटों को बेहद महत्वपूर्ण बताया है। विभाग के अनुसार जिले के कई हिस्सों में तेज धूलभरी आंधी, गरज-चमक और बारिश की गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं। यदि यह सिस्टम मजबूत हुआ तो कई क्षेत्रों में अच्छी बारिश भी हो सकती है। किसानों के लिए यह खबर किसी राहत पैकेज से कम नहीं है।

### जनता के चेहरे पर लौटी मुस्कान

लंबे समय से बारिश का इंतजार कर रहे किसानों के लिए यह बदलाव उम्मीदों की नई किरण लेकर आया है। खेतों में नमी बढ़ने से आगामी खरीफ सीजन की तैयारियों को बल मिलेगा। वहीं आम लोगों को भी बिजली कटौती, गर्म हवाओं और उमस से बड़ी राहत मिली है। कूलर और एसी पर निर्भरता कम होने लगी है और लोग खुले वातावरण का आनंद ले रहे हैं। प्री-मानसून बारिश और मौसम की सक्रियता ने साफ संकेत दे दिए हैं कि अब मानसून ज्यादा दूर नहीं है। नौतपे की तपिश को पीछे छोड़ते हुए सीहोर अब राहत भरे मौसम की ओर बढ़ रहा है। मौसम विभाग के संकेतों ने उम्मीद जगा दी है कि जल्द ही मानसून जिले में दस्तक देगा और तपती धरती को पूरी तरह तरबतर कर देगा। फिलहाल जिले में मानसून का काउंटडाउन शुरू हो चुका है और हर निगाह आसमान पर टिकी हुई है।

तीन शिकायतों के बाद भी नहीं मिली सीमांकन की नकल, नकल के लिए भटके कृषक मुस्तफा हुसैन

## सीएम हेल्पलाइन में बड़ा खेल, अफसरों ने कागजों में ही निपटा दी शिकायत!

**जागरण, सीहोर।** जिला मुख्यालय के नजदीकी इछावर विधानसभ क्षेत्र जिसका प्रतिनिधित्व राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा करते हैं, उसी क्षेत्र में सीएम हेल्पलाइन के जरिए समस्याओं के समाधान के दावों की पोल उस समय खुलती नजर आई जब कोनाझिर निवासी किसान एचपी गैस ऐजेंसी के प्रमुख मुस्तफा हुसैन ने आरोप लगाया कि सीएम हैल्प लाइन में तीन-तीन शिकायतों के बावजूद उन्हें आज तक अपनी कृषि भूमि के सीमांकन की प्रमाणित नकल नहीं मिल सकी है। किसान मुस्तफा का का कहना है कि सीएम हैल्प लाइन में तीन बार शिकायत दज्र कराने के बाद स्थानीय अधिकारियों द्वारा सीएम हाऊस को समस्या के निराकरण किए जाने और किसान को सीमांकन की नकल दिए जाने की झूंठी रिपोर्ट दिए जाने कागजों में निराकरण दिखा दिया गया, लेकिन जमीनी स्तर पर समस्या जस की तस बनी हुई है। इस मामले ने सीएम हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली और शिकायतों के निराकरण में पारदर्शिता को लेकर नए सवाल खड़े कर दिए हैं।

### नकल के लिए भटक रहा किसान

कोनाझिर क्षेत्र के किसान मुस्तफा हुसैन ने अपनी कृषि भूमि के सीमांकन और उससे संबंधित दस्तावेज प्राप्त करने के लिए राजस्व विभाग में आवेदन किया था। राजस्व अधिकारियों की मौजूदगी में सीमांकन की प्रक्रिया पूरी भी कराई गई, लेकिन इसके बाद किसान को सीमांकन की प्रमाणित नकल उपलब्ध नहीं कराई गई। किसान का आरोप है कि कई बार कार्यालयों के चक्कर लगाने के बावजूद उसे केवल आश्वासन ही मिलता रहा। समस्या का समाधान नहीं होने पर किसान ने सीएम हेल्पलाइन का सहारा लिया। पहली शिकायत के बाद उम्मीद थी कि मामला सुलझ जाएगा, लेकिन कोई परिणाम नहीं निकला। इसके बाद दूसरी और तीसरी शिकायत भी दर्ज कराई गई। किसान का कहना है कि हर बार पोर्टल पर कार्रवाई दर्शाई गई, लेकिन वास्तविक रूप से उसे आज तक आवश्यक दस्तावेज नहीं मिले हैं।

### निराकरण के दावों पर उठे गंभीर सवाल

मुस्तफा हुसैन का मामला इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि यह केवल एक व्यक्ति की परेशानी नहीं, बल्कि पूरी शिकायत निवारण व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। शिकायतकर्ता का कहना है कि यदि दस्तावेज नहीं मिले तो शिकायत का निराकरण कैसे मान लिया गया? ऐसे में कागजी कार्रवाई और वास्तविक समाधान के बीच बड़ा अंतर दिखाई देता है।

### जानकारी उनके मामले से मेल नहीं खाती



बिजोरी निवासी मथुरा प्रसाद ने कहा उन्होंने शिकायत क्रमांक 34441260, दिनांक 15 सितंबर 2025 को राजस्व विभाग में दर्ज कराई गई थी। उन्होंने बताया शंकर सिंह परमार के नाम दर्ज बंटवारा प्रकरण में आपत्ति आवेदन दिया था। तहसील कार्यालय में लंबे समय से सुनवाई नहीं हो रही है। सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता ग्राम बीजोरी, तहसील और जिला सीहोर का निवासी है। वहीं निराकरण टिप्पणी में दोराहा क्षेत्र से जुड़ी जानकारी दर्ज कर दी गई। पोर्टल पर रिपोर्ट लिखी है कि शिकायतकर्ता ने 15-16 वर्षों से दोराहा क्षेत्र में निवास किया और वहां भूमि क्रय की थी। शिकायतकर्ता का आरोप है कि यह जानकारी उनके मामले से मेल नहीं खाती। समाधान किए बिना गलत तथ्यों के आधार पर शिकायत बंद कर दी गई।

### फर्जी और गलत रिपोर्टिंग के आरोप

किसान के मामले के साथ-साथ जिले में ऐसे अन्य प्रकरण भी सामने आए हैं, जिनमें शिकायतकर्ताओं ने बिना समाधान के शिकायतें बंद किए जाने के आरोप लगाए हैं। कुछ लोगों का कहना है कि उनकी सहमति के बिना उन्हें संतुष्ट दर्शाकर शिकायतें बंद कर दी गई, जबकि कुछ मामलों में गलत जानकारी दर्ज कर निराकरण की रिपोर्ट लगा दी गई। कई नागरिकों का आरोप है कि शिकायतों का वास्तविक परीक्षण करने के बजाय जल्द से जल्द प्रकरण बंद करने पर अधिक जोर दिया जा रहा है। इससे लोगों को दोबारा शिकायत दर्ज कराने या विभागों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। आमजन का कहना है कि यदि शिकायतकर्ता की राय और वास्तविक स्थिति की जांच किए बिना शिकायतें बंद होती रहीं तो सीएम हेल्पलाइन पर लोगों का भरोसा कमजोर पड़ सकता है।

### होड़ में तो नहीं हो रहा खेल?

जिले में यह चर्चा भी जोरों पर है कि सीएम हेल्पलाइन की बेहतर रैंकिंग और लंबित मामलों की संख्या कम दिखाने के लिए कुछ शिकायतों को जल्दबाजी में बंद किया जा रहा है। यदि ऐसा है तो यह व्यवस्था के मूल उद्देश्य के विपरीत है, क्योंकि आंकड़ों में सुधार तो दिखाई देगा, लेकिन जनता की समस्याएं अनसुलझी ही रहेंगी। मुस्तफा हुसैन सहित अन्य शिकायतकर्ताओं ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि जिन मामलों में बिना समाधान के शिकायतें बंद हुई हैं, उनकी समीक्षा की जानी चाहिए और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय होनी चाहिए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि शिकायतकर्ता की स्पष्ट सहमति के बिना किसी भी प्रकरण को संतुष्ट बताकर बंद न किया जाए।

### प्रदेश में तीसरे स्थान पर सीहोर

सीएम हेल्पलाइन में शिकायतों के निराकरण में सीहोर जिले की कुल वेटेज स्कोर 85.85 के साथ रैंकिंग तीसरी है। जिले को ए ग्रेड ही मिली है। जिले में कुल 7 हजार 401 शिकायतें सीएम हेल्पलाइन पर हुई थीं। संतुष्टि के आधार पर बंद शिकायतों का वेटेज 50.49त्न, 50 दिनों से अधिक लंबित शिकायतों का वेटेज 15.47त्न तथा निम्न गुणवत्ता के आधार पर बंद शिकायतों का वेटेज 10 प्रतिशत रहा। वहीं नोट अटेंडेंट शिकायतों का वेटेज 9.89 प्रतिशत रहा।

## अस्पताल में 2 घंटे गुल रही बिजली, भड़के जिलाध्यक्ष

**सिविल सर्जन से बोले गुजराती- कैटरीन-पार्किंग की व्यवस्था चकाचक, मरीजों के लिए कूलर तक नहीं**




**जागरण, सीहोर।** जिला अस्पताल की चरमराती व्यवस्थाओं और अघोषित बिजली कटौती को लेकर एक बार फिर बड़ा हंगामा खड़ा हो गया। शनिवार को जिला अस्पताल में लगातार दो घंटे तक बिजली गुल रही, जिससे मरीजों और उनके परिजनों का हाल बेहाल हो गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती को दी तो वे तुरंत कांग्रेस नेताओं की टीम के साथ अस्पताल पहुंच गए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने पूरे अस्पताल परिसर का भ्रमण कर मरीजों और उनके परिजन से मुलाकात की। इस दौरान कई मरीज वार्डों की गर्मी से बचने के लिए अस्पताल के बरामदे में बैठे नजर आए। मरीजों और अस्पताल स्टाफ ने कांग्रेस अध्यक्ष को बताया कि पिछले कुछ दिनों से हर दिन यही हाल हैं। दिन में तीन-तीन बार लाइट जा रही है। शनिवार को दो घंटे तक लाइट गायब रही। जब अस्पताल स्टाफ से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि लाइट जाने पर जनरेटर चलाया गया था, लेकिन वह भी बार-बार गर्म होकर बंद हो रहा है।

### जिम्मेदार हुए नदारद

राजीव गुजराती ने अस्पताल की गंभीर लापरवाही को उजागर करते हुए कहा कि एसएनसीयू वार्ड में कई नवजात बच्चे भर्ती हैं, जो ऑक्सीजन सपोर्ट और कंसंट्रेटर के भरोसे हैं। ऐसे संवेदनशील वार्ड में बिजली गुल होना बच्चों की जान से खिलवाड़ है। सबसे बड़ी बात यह रही कि इतनी बड़ी अव्यवस्था के दौरान अस्पताल का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर मौजूद नहीं मिला।

### कैंटीन और पार्किंग पर सवाल

अस्पताल में अव्यवस्था देखकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने सिविल सर्जन डॉ. उमेश श्रीवास्तव से सवाल किए। जब सिविल सर्जन ने कहा कि अस्पताल की व्यवस्थाएं ठीक हैं, तो गुजराती ने तंज कसते हुए कहा अस्पताल में सिर्फ दो ही व्यवस्थाएं सबसे अच्छी हैं। पहली यहां की आलीशान कैंटीन, जैसी कैंटीन तो राजधानी भोपाल के हमीदिया अस्पताल में भी नहीं है। क्या इस कैंटीन का किराया समय पर लिया जा रहा है और दूसरी अच्छी व्यवस्था है पार्किंग शुल्क वसूली।

### सुधार नहीं, तो गेट दूंगा धरना

राजीव गुजराती ने सिविल सर्जन को सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि अस्पताल प्रबंधन, विद्युत मंडल और जिला प्रशासन यह अच्छी तरह समझ लें कि अस्पताल में लोग जिंदगी और मौत की लड़ाई लडऩे आते हैं। सीहोर में मरीजों की जान के साथ ऐसा खिलवाड़ नहीं चलने दिया जाएगा। उन्होंने कहा सिविल सर्जन जी, अस्पताल की व्यवस्थाओं में तुरंत सुधार लाइए, वरना मैं खुद अस्पताल के मुख्य गेट पर धरने पर बैठ जाऊंगा और मांगें पूरी होने तक उठूंगा भी नहीं। आज यह सिर्फ चेतावनी है, अगर जल्द ही बिजली और सफाई व्यवस्था ठीक नहीं हुई तो कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी।

### चर्च मैदान पर ब्लॉक स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता, निशुल्क प्रशिक्षण शिविर

**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में खेली जा रही ब्लाक स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में शनिवार की शाम को एक मैच खेला गया, इस मुकाबले में सीहोर क्लब ने आरएसआई को 3-1 से हराया। इसके अलावा निशुल्क फुटबाल प्रशिक्षण शिविर के दौरान सचिव मनोज कन्नोजिया, मनोज अहिरवार, आनंद उपाध्याय आदि ने खिला?ियों को उत्साहवर्धन किया। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शनिवार की शाम को खेले गए मुकाबले में सीहोर क्लब की टीम ने आरएसआई को 3-1 से हराया। इस मैच में सीहोर क्लब की ओर से युवराज, आदित्य, पुष्प ने 1-1 गोल किया।

### आज मनाया जाएगा विश्व धूम्रपान निरोधक दिवस

**सीहोर।** विश्व धूम्रपान निरोधक दिवस हर साल 31 मई को मनाया जाता है, इस दिन का मुख्य उद्देश्य तंबाकू और धूम्रपान से होने वाले घातक स्वास्थ्य प्रभावों, बीमारियों के प्रति जागरूकता फैलाना और लोगों को तंबाकू की लत छोड़ने के लिए प्रेरित करना है। इसको लेकर कलेक्टर बाला गुरु के के निर्देश पर सामाजिक न्याय विभाग केन्द्र में यहां पर हितग्राहियों के द्वारा मानव श्रृंखला और हस्ताक्षर अभियान आरंभ किया।

### प्रश्नमंच प्रतियोगिता में बालिकाओं ने मारी बाजी

**सीहोर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था माय भारत सीहोर द्वारा उपनिदेशक निक्की राठौर के निर्देशन में हिताय सीहोर के सहयोग से स्वतंत्रता वीर विनायक सावरकर जी की जन्म जयंती के अवसर पर शहर के इवोल्यूशन करियर इंस्टिट्यूट में युवाओं के बीच एक प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। माय भारत एवं हिताय का विस्तृत परिचय उमेश पंसारी द्वारा दिया गया, साथ ही प्रतियोगिता सम्बन्धी नियमों पर भी प्रकाश डाला गया। प्रतियोगिता में बहु-विकल्पीय प्रश्नों के उत्तर युवाओं ने तत्परता से दिए, जिसमें बालिका वर्ग ने बाजी मारी। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रेणुका मालवीय, द्वितीय स्थान शीतल परमार और तृतीय स्थान करीना धनगर ने प्राप्त किया। तीनों विजेता प्रतिभागियों को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। इवोल्यूशन करियर इंस्टीट्यूट के संचालक चन्द्रभान सिंह द्वारा युवाओं को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को माय भारत की ओर से स्वल्पाहार वितरित किया गया।

हिंगलाज माता मंदिर कस्बा परिसर में आयोजित भागवत कथा, संपूर्ण प्राणियों में जो ईश्वर के दर्शन करें उसे सनातन कहते हैं पं. मोहितरामजी पाठक

## मनोरंजन के लिए कथा मत सुनिए, कथा संस्कार को जीवन में उतारिए: पं तिवारी

**जागरण, सीहोर।** हिंगलाज माता मंदिर कस्बा परिसर में आयोजित रात्रि कालीन श्रीमद् भागवत कथा में शुक्रवार की रात भागवत भूषण पंडित रविशंकर तिवारी ने कहा कि भगवान की कथा मनोरंजन के लिए नहीं जीवन में उता रने के लिए होती है। महाभारत समाप्ति करने के बाद श्रीमद् भागवत कथा शुरू होती है। वेदव्यास जी महाराज ने भागवत जी की रचना की है। कलयुग 4 लाख 32 हजार वर्ष का होगा। कलयुग के अंत में लोग चने के झाड़ के नीचे बैठकर पंचायत कर लेंगे। घोर कलयुग में पाप अपने चरम पर होगा। अन्याय अत्याचार प्राकृतिक आपदाएं बढ़ जाएंगी। प्रभु स्मरण और मानवीयता जब पूर्ण रूप से समाप्त हो जाएगी तब कलयुग के अंत में भगवान कल्कि का अवतार होगा।

पंडित श्री तिवारी ने कहा कि राजा परीक्षित को अपमान करने पर ब्राह्मण देवता ने 7 दिन में सर्पदांत से मृत्यु का श्राप दिया था। राजा परीक्षित को तक्षक नाग से बचाने के लिए सुखदेव जी ने उन्हें भागवत कथा सुनाई थी। अंत में राजा परीक्षित की भगवान की कृपा से मृत्यु नहीं हुई वह मोक्ष को प्राप्त हुए।



उन्होंने बताया कि जो व्यक्ति धर्म के लिए तत्पर रहता है भगवान भी उसकी मदद के लिए तत्पर रहते हैं। जिसके मन में छल कपट होता है उसे भगवान भी स्वीकार नहीं करते हैं। भक्त को केवल मनोरंजन के लिए कथा नहीं सुननी चाहिए।हरि कथा प्रसंग को गंभीरता पूर्वक श्रवण कर कथा संस्कार को जीवन में उतारना चाहिए।

### भागवत बताती है मोक्ष का मार्ग

पंडित तिवारी ने कथा प्रसंग के दौरान कहा कि वेदव्यास जी महाराज ने सुखदेव बाबा को कथा सुनाई थी। भागवत कथा मोक्ष का रास्ता दिखाती है रामचरितमानस मनुष्य को पृथ्वी पर सुखपूर्वक मैत्री भाव के साथ जीना सिखाती है। रामचरितमानस जीवन को बदल देती है भाई भाई में प्रेम जगा देती है जिस प्रकार भगवान श्री राम जब वनवास चले जाते हैं तो उनके छोटे भाई भरत अपने सिर पर उनकी खड़ाऊ रखकर बड़े भाई के दायित्व को निभाते हैं और राज्य करते हैं लेकिन जैसे ही भगवान श्री राम अयोध्या पहुंचते हैं तब भरत जी उन्हें सहर्ष राज्य सत्ता सौंप देते हैं चारों भाई मिलजुल कर रहते थे। प्रजा भी सुख पूर्वक जीवन यापन करती है यही रामचरितमानस है।



### पत्थर में परमात्मा के दर्शन

मानव ही नहीं प्राणी मात्रा में जो परमात्मा के ईश्वर के भगवान के दर्शन करें उसे धर्म का नाम है सनातन धर्म, विश्व में संसार में सनातन धर्म यह कैसा धर्म है जो प्राणी ही नहीं पत्थर में भी परमात्मा के दर्शन करता है नदियों को देवी स्वरूप मानता है पक्ष में ईश्वर के दर्शन होते हैं इसलिए दुनिया में विश्व का कल्याण की कामना करने वाला एकमात्र सनातन धर्म है, उक्त उद्गार ग्राम फूल मोगरा सीहोर में पुरुषोत्तम मास की पावन अवसर पर चल रही सत्य दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव के दौरान कथा व्यास परम गौभक्त क्रांतिकारी राष्ट्रीय संत पंडित मोहितरामजी पाठक सीहोर वालों ने व्यक्त किए आगे कथा में वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने गोवर्धन लीला करी थी तो संपूर्ण ग्वाल-वाल उच्च नीच को मतकर सबको अपनी शरण में गिरिराज जी के नीचे संगठित कर लिया था।

कोई छोटा बड़ा नहीं कोई जाति नहीं कोई भेद नहीं सब ने मिलकर गिर्राज को धारण कर और भगवान श्री कृष्ण ने सभी को अपने आप पर स्वीकार किया था इस गोवर्धन लीला से हमें पढ़ना लेते हुए संपूर्ण सनातन धर्म में रहने वाले एक-एक हिंदू एक-एक सनातनी जाति पार्टी का विरोधाभास छोड़कर सबको राम कृष्णा गौ माता भारत माता की सेवा करना चाहिए यही सत्य सनातन धर्म है और सनातन धर्म मानवता को मानने वाला सबसे बड़ा धर्म है।

जो विश्व की कल्याण की कामना करता है भगवान श्री कृष्ण ने गोपियों के साथ लीला करके नारी जाति को धर्म का पाठ पढ़ाया किस मर्यादा के साथ नारी को अपना जीवन व्यतीत करना चाहिए साथ में जो दुष्ट है पापी उन जैसे कंसो का वध करने में भी कोई दोष नहीं है भगवान श्री कृष्ण ने कंस का वध करने के बाद अवंतीका पूरी उज्जैनी में ॠषि सांदीपनि आश्रम में शिक्षा ग्रहण करी।

## न्यूज कार्नर

### श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ कल से

**देवास।** पुरुषोत्तम मास के अवसर पर स्थानीय क्षत्रिय कलौता समाज छात्रावास एवं परमार्थित ट्रस्ट द्वारा 1 से 7 जून तक सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन बायपास स्थित कलौता समाज छात्रावास परमार्थिक ट्रस्ट राधा स्वामी आश्रम के पीछे किया जा रहा है। कथा का वाचन पं. कुलदीप शर्मा गौतमपुरा वाले द्वारा किया जाएगा। अध्यक्ष सीताराम पटेल ने बताया कि प्रथम दिवस श्रीमद् भागवत महात्म, द्वितीय दिवस 2 जून को श्री शुकदेव एवं राजा परीक्षित जन्म कथा, तृतीय दिवस 3 जून को ध्रुव चरित्र एवं भरत चरित्र, चतुर्थ दिवस 4 जून को प्रहलाद चरित्र व वामन अवतार, श्रीराम जन्म एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, पंचम दिवस 5 जून को श्री कृष्ण की बाल लीलाएं एवं गोवर्धन पूजन, षष्ठम दिवस 6 जून को श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह उत्सव, सप्तम दिवस 7 जून को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष कथा एवं भंडारा आयोजित होगा। कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 12 से 3 बजे तक होगा।

### करंट लगने से कृषक की मौत



**सोनकच्छ।** पीपलरावां थाना क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार को दिन में खेत पर काम करने गए एक कृषक की बिजली का करंट लगने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार खेत पर काम करने गए राधेश्याम पिता धुलजी मालवीय उम्र 45 वर्ष, निवासी ग्राम पटाड़िया ताज की बिजली का करंट लगने से मौत हो गई। मृतक सुबह काम पर गए थे। शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजन उन्हें देखने खेत पर गए, जहाँ उन्हें मृत अवस्था में पाया। परिजनों के मुताबिक बिजली का तार टूटकर मृतक के संपर्क में आने से घटना घटित हुई है। सूचना पर पुलिस वाहन 112 मौके पर पहुंची और शव को सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहाँ डॉक्टरों ने मौत की पुष्टि की। जानकारी मिलने पर जनपद पंचायत अध्यक्ष सूरजसिंह ठाकुर अस्पताल पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया तथा पोस्टमार्टम में हर संभव मदद की। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया और घटना को जांच में लिया है।

### भागवत कथा 9 जून से

**खातेगांव।** खातेगांव में 9 से 15 जून तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होगा। यह आयोजन साधक संत गुरुदेव दादाभाई दादाजी धूनी वाला दरबार श्यामला हिल्स भोपाल के सानिध्य में दादाजी धूनीवाला दरबार खातेगांव में संपन्न होगा। कथा का रसपान प्रसिद्ध कथावाचक पंडित नारायण तिवारी के मुखारविंद से होगा। आयोजन के अंतर्गत 9 जून को प्रातः 9 बजे आजनास रोड स्थित शंकर मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी।

### मिसर बाई का निधन

**पीपलरावां।** गत दिवस श्री कृष्ण चौक पीपलरावां निवासी गोपीलाल, मोहनलाल, गोकुल सिंह की बड़ी बहन, स्व. विजयसिंह की धर्मपत्नी मिसर बाई मालवीय का निधन हो गया। उनके निधन पर मांगीलाल मालवीय, कालूराम मालवीय, प्रभुलाल गुर्जर, लाड़सिंह गुर्जर, राजेंद्र मालवीय, संतोष मालवीय, दिनेश चंद्र, बहादुर सिंह, दीपक मालवीय आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### चंदाबाई वर्मा का निधन

**पीपलरावां।** गत दिवस समीपस्थ ग्राम लकुमड़ी के देवकरण, संतोष कुमार, हेमराज वर्मा की माताजी तथा रामलाल वर्मा की धर्मपत्नी स्व. चंदा बाई वर्मा का निधन हो गया। उनके निधन पर मोहनसिंह राजपूत, मदनमोहन राव, रामगोपाल सेठ, कमलसिंह पटेल, धनसिंह सिसौदिया, नाथूसिंह सोनगरा, शक्ति सिंह, हिम्मत सिंह सिसौदिया, कमलसिंह चंद्रावत, अरुण वर्मा, जयप्रकाश वर्मा ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### पैसे न देने पर युवक पर चाकू से हमला

**जागरण, इटारसी।** गुरुवार 28 मई की रात 9 बजे फरियादी अंकित 27 वर्ष, निवासी भगत सिंह नगर नाला मोहल्ला के घर के पास की है। आरोपी बाबा, पिता असलम, निवासी भगत सिंह नगर नाला मोहल्ला ने फरियादी अंकित से शराब पीने के लिए पैसे मांगे। जब अंकित ने पैसे देने से साफ मना कर दिया, तो आरोपी बाबा ने उस पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया, जिससे अंकित को चोटें आई

# डिवाइडर फांदकर कार ने बाइक को मारी टक्कर, दो की मौत

**भीषण सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम**











**देवास।** शनिवार सुबह करीब 9 बजे क्षिप्रा से बांगर जाने वाले मार्ग पर ग्राम गदईया पिपल्या के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें दो लोगों की मौके पर मौत हो गई। जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका उपचार इंदौर के निजी अस्पताल में चल रहा है। दुर्घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। बाद में अधिकारियों व स्थानीय विधायक मनोज चौधरी की समझाइश के बाद जाम समाप्त हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम नायता पुवाड़ला निवासी हैदर पिता जब्बार (40), अंसार पिता नूर खां (40) व इरफान पिता जाकिर पटेल (30) शनिवार की सुबह करीब 9 बजे ट्यूबवेल की मोटर निकालने के लिए बाइक पर सवार होकर इंदौर जा रहे थे, तभी रूपाखेड़ी रेलवे ब्रिज पर क्षिप्रा से बांगर की ओर जा रही तेज रफ्तार क्रेटा कार अनियंत्रित होकर दूसरी तरफ रांग साइड जाकर बाइक को टक्कर मार दी। फलस्वरूप बाइक सवार हैदर व अंसार की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि इरफान गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इंदौर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है। उधर दुर्घटना की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौके पर इकट्ठा हो गए और समय पर एम्बुलेंस नहीं आने के कारण मृतक व घायल को निजी वाहन से अस्पताल भेजना पड़ा। इस बात से आक्रोशित होकर ग्रामीणों ने चक्काजाम भी कर दिया। इस बात की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय विधायक मनोज चौधरी, एसडीएम अभिषेक शर्मा, यातायात एएसपी एच.एन. बॉथम, सीएसपी सुमित अग्रवाल सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा और ग्रामीणों को समझाइश देने के बाद चक्काजाम समाप्त करवाया गया। ग्राम पुवाड़ला में रहने वाले मृतक के परिवारजनों ने बताया कि कार में सवार लोग भी उनके रिश्तेदार है, जो मृतक व घायल के रिश्ते में जीजा लगते है। यह लोग क्षिप्रा से पुवाड़ला की ओर आ रहे थे, कार अनियंत्रित होकर दूसरी दिशा में कैसे आई, यह समझ से परे है। हालांकि इन लोगों का कहना है कि जिस पुलिया पर दुर्घटना घटित हुई है, वहां पर सड़क में कुछ कमियां है, जिस कारण अक्सर वाहन अनियंत्रित होते है। फिलहाल पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

### दुर्घटना के बाद बाइक सवार ब्रिज से नीचे गिरे

प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो बाइक व कार की टक्कर इतनी जोरदार थी कि दुर्घटना के बाद बाइक सवार तीनों युवक ब्रिज से करीब 50 फीट नीचे जा गिरे। इस दुर्घटना में अंसार व इरफान के तो एक-एक पैर कटकर अलग हो गए। दुर्घटना में कार भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि कार के एयरबैग खुलने के कार सवार दो युवक सकुशल बच गए, जो कार मौके पर छोड़कर फरार हो गए।

### 20 फीट दूर जा गिरा इरफान का पैर

दुर्घटना इतनी विभत्स थी कि मौके पर मौजूद लोग सहम गए। दुर्घटना के बाद घायल इरफान का एक पैर उसके शरीर से कटकर करीब 20 फीट दूर जा गिरा। जिसे एक अन्य युवक उठाकर लाया, यह दृश्य देखकर मौजूद लोग सहम गए। इरफान का उपचार इंदौर के निजी अस्पताल में चल रहा है, जहां उसकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

# बकाया वसूली को लेकर निगम ने की तालाबंदी




**देवास।** निगम करों की वसूली के लिए आयुक्त दलीप कुमार द्वारा बकाया संपत्ति करदाताओं से बकाया करो की वसूली को लेकर सभी वार्ड के वसूलीकर्ताओं को दिशा-निर्देश जारी किए तथा बकाया संपत्ति कर एवं जलकर की शत-प्रतिशत वसूली हेतु बकायादारों से सतत संपर्क करने के निर्देश दिए। जिन बकायादारों द्वारा अपना बकाया कर जमा नहीं किया है, उनके नामों को समाचार पत्रों मे सार्वजनिक करने तथा उनके विरूद्ध कुर्की की कार्रवाई करने हेतु आयुक्त ने कहा। इसी क्रम में वार्ड 30 मोतीलाल नेहरू मार्ग में श्रीमती राजेन्द्र कौर पति परमजीत कौर पर संपत्तिकर की बकाया राशि 3 लाख 24 हजार 225, वार्ड 37 अखाड़ा रोड पर मनोरमा बाई पति जगन्नाथ पर 22 हजार 791, वार्ड 39 में जगदीशचन्द्र रामाजी पटेल पर 56 हजार 224 की राशि बकाया होने पर इनके विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई की गई। इस दौरान राजेन्द्र कौर द्वारा मौके पर ही 1 लाख 50 हजार तथा जगदीशचन्द्र रामाजी द्वारा 29 हजार 785 रुपये की वसूली निगम टीम द्वारा की गई तथा शेष राशि के लिए उनकी मांग पर समय दिया गया। इसी के साथ श्रीमती मनोरमा जगन्नाथ द्वारा राशि जमा नहीं करने पर उनके भवन पर तालाबंदी की गई। कुर्की कार्रवाई में राजस्व उप निरीक्षक संजय सांगते, राम ठाकुर, मनोरमा बर्मन व निगम राजस्व की टीम उपस्थित रही।

## सावलसिंह यादव बार एसो. के पुनः अध्यक्ष बने



**खातेगांव।** स्थानीय न्यायालय परिसर स्थित अभिभाषक संघ (बार एसोसिएशन) के द्विवार्षिक चुनाव शांतिपूर्ण और सर्वसम्मति के माहौल में निर्विरोध सम्पन्न हो गए हैं। वरिष्ठ अधिवक्ताओं की मध्यस्थता और आपसी तालमेल के चलते सभी मुख्य पदों पर अधिवक्ताओं द्वारा नामांकन जमा किए। अध्यक्ष पद के लिए तीन नामांकन फार्म निर्वाचन अधिकारी के पास जमा किए गए थे। अभिभाषक संघ चुनाव के निर्वाचन अधिकारी एस.सी. यादव एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी सी.एल. वर्मा ने बताया कि अभिभाषक संघ चुनाव के दौरान अधिवक्ता साथियों ने अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, ग्रंथपाल एवं सदस्यों के लिए नामांकन फार्म जमा किए थे। चूंकि नामांकन वापसी दिनांक को आपसी सहमति, ताल मेल से अधिवक्ताओं ने अपने नामांकन फार्म वापस ले लिए। एकल नाम रहने के कारण चुनाव प्रक्रिया की आवश्यकता नहीं रही है। इसके बाद सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर सांवलसिंह यादव, उपाध्यक्ष अनिल उपाध्याय, महिला उपाध्यक्ष श्रीमती मीनू तिवारी, सचिव रामविलास वर्मा, सहसचिव नीलेश जगथाप, कोषाध्यक्ष जयवर्धन सिंह तोमर, ग्रंथपाल उमेश विनाक्या, को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। साथ ही 14 सदस्यों की कार्यकारिणी समिति भी बनाई गई है। इस दौरान न्यायालय परिसर में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को अधिवक्ताओं ने बधाई शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष यादव ने सभी साथी वकीलों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संघ की एकता, जूनियर वकीलों के कल्याण, और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए पूरी निष्ठा से काम करेंगे।

# सोनकच्छ में अघोषित बिजली कटौती से आमजन परेशान, समाधान की मांग




**सोनकच्छ।** क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती से आमजन का जीवन प्रभावित हो गया है। भीषण गर्मी में दिन-रात बिना सूचना के बिजली बंद होने से लोगों की दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो रही है। नागरिकों का कहना है कि इससे घरेलू काम, बच्चों की पढ़ाई और व्यापारिक गतिविधियों पर गंभीर असर पड़ रहा है। वहीं पेयजल आपूर्ति भी ठप होने से समस्या और बढ़ गई है। बिजली विभाग के निर्बाध सेवा के दावे शनिवार को धरे रह गए। प्रगति नगर क्षेत्र में घंटों बिजली गुल रही, यहां तक कि निजी बैंकों के इन्वर्टर भी बंद हो गए। इससे ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों के लेन-देन कार्य बाधित हुए। करीब तीन घंटे तक फॉल्ट का पता नहीं चल सका, जिससे विभाग की लापरवाही साफ झलकी। क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द सुधार नहीं हुआ तो वे संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन देकर आंदोलन करेंगे। लोगों में रोष है और वे स्थायी समाधान की मांग कर रहे हैं। वहीं एमपीईबी के एई त्रिवेंद्र प्रतापसिंह ने बताया कि फीडर में खराबी और केबल टूटने से यह समस्या हुई थी, जिसे ठीक कर दिया गया है। आगे जांच जारी है। हालांकि रोज हो रही अघोषित कटौती के सवाल पर उन्होंने फोन काट दिया।

**आपके द्वारा** मामला संज्ञान में आया है, क्षेत्र की जनता की समस्या मेरी समस्या है। इस विषय मे विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से तुरंत संपर्क करते हुए इस परेशानी का स्थाई निराकरण करवाया जाएगा।

**डॉ. राजेश सोनकर, विधायक**

# एनएचएम के संविदा कर्मचारियों का आंदोलन शुरू



**देवास।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) अंतर्गत कार्यरत संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों के निराकरण को लेकर चरणबद्ध आंदोलन शुरू कर दिया है। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, मध्यप्रदेश (भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध) द्वारा जिला कलेक्टर एवं मुख्य चिकित्सा, स्वास्थ्य अधिकारी सहित समस्त तहसील कार्यालयों में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग की गई।

संघ जिलाध्यक्ष राजेश गुर्जर ने बताया कि प्रदेशभर में लगभग 32 हजार संविदा कर्मचारी स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कर्मचारियों के योगदान के कारण प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान एवं पुरस्कार भी प्राप्त हुए हैं, लेकिन कर्मचारियों की मांगों की लगातार उपेक्षा की जा रही है। संघ के अनुसार 25 से 27 मई तक कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। 29 एवं 30 मई को जिला कलेक्टर, सीएमएचओ और बीएमओ को ज्ञापन सौंपे जा रहे हैं। 31 मई और 1 जून को जनप्रतिनिधियों, सांसदों, विधायकों एवं मंत्रियों को अपनी समस्याओं से अवगत कराया जाएगा। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों का निराकरण नहीं हुआ तो 2 जून से जिले के सभी संविदा कर्मचारी विभागीय ऑनलाइन एवं ऑफलाइन कार्यों का पूर्ण बहिष्कार करते हुए अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। इसके बाद 8 जून को प्रदेशभर के कर्मचारी भोपाल पहुंचकर मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेंगे।

# पूर्व महापौर ठाकुर ने नगर निगम के खिलाफ मोर्चा खोला

### मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर प्रस्ताव निरस्त करने की मांग



**देवास।** गत दिवस महापौर परिषद द्वारा इंदौर जिले की ग्राम पंचायत मांगलिया को क्षिप्रा डेम से 2.20 एमएलडी पानी देने का प्रस्ताव पारित होने के बाद इस मामले में बवाल मचा हुआ है। स्वयं सत्ताधारी दल के नेताओं ने भी इस मुद्दे पर सवाल उठाते हुए महापौर परिषद को कठघरे में खड़ा कर दिया है। वहीं कांग्रेस भी लगातार हमला कर रही है। पूर्व महापौर सुभाष शर्मा, शरद पाचुनकर, नेता सत्तापक्ष मनीष सेन, शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम, पूर्व अध्यक्ष मनोज राजानी सहित कई नेताओं ने इस मामले में पत्र लिखकर विरोध जता चुके है। वहीं कांग्रेसी नेता रितेश त्रिपाठी पिछले तीन दिनों से हस्ताक्षर अभियान चला रहे है। इसी बीच शनिवार को कांग्रेस के पूर्व महापौर जयसिंह ठाकुर ने मोर्चा खोलते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव, कलेक्टर व आयुक्त को पत्र लिखकर कहा है कि जब देवास शहर भीषण जलसंकट झेल रहा है और जनता पानी के लिए दर-दर भटक रही है, तो ऐसे में मांगलिया को पानी देना कहां तक उचित है। उन्होंने पत्र में बताया कि जल समस्या को स्थायी रूप से मिटाने के लिए क्षिप्रा जल आवर्धन योजना के नाम से 1998-99 में 29.83 करोड़ की योजना तैयार कर शासन द्वारा स्वीकृति कराने के पश्चात नगर निगम द्वारा वर्ष 2003 में योजना के क्रियान्वयन हेतु टेंडर आमंत्रित किए गए थे और इस काम को एलएनटी कंपनी द्वारा 28 करोड़ रुपये में 5500 मिलियन लीटर का बांध बनाने का अनुबंध हुआ था। हालांकि में यह योजना राजनीति की भेंट चढ़ गई थी और रोक लग गई थी। अब चूंकि शहर के सामने पानी का संकट है, ऐसे में मांगलिया को पानी देना शहर की जनता के साथ घोर अन्याय हो रहा है। ठाकुर ने मुख्यमंत्री से उक्त प्रस्ताव को तत्काल निरस्त करवाने की मांग की है।

### जोशी भाजपा के विशेष आमंत्रित सदस्य मनोनीत



**भौंरासा।** भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने अन्य नेताओं की सहमति से जिला कार्यसमिति की घोषणा की है, जिसमें विधायक राजेश सोनकर की हसमति से भौंरासा नप अध्यक्ष संजय जोशी को विशेष आमंत्रित जिला कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया है।

# श्रमिक महिलाओं के लिए श्रम पदाधिकारी से मिला प्रतिनिधि मंडल



**देवास।** जिले की विभिन्न औद्योगिक इकाइयों में कार्यरत श्रमिक महिलाओं ने असमान वेतन, श्रमिकों पर अत्याचार, महिला श्रमिकों के शोषण एवं बाल श्रम जैसी गंभीर समस्याओं को लेकर वरिष्ठ अधिवक्ता बाबूलाल नागर एवं इंटक जिला अध्यक्ष महेश राजपूत के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल श्रम पदाधिकारी से मिला। शासकीय श्रम पदाधिकारी शैलेंद्र सोलंकी से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। महिला श्रमिक श्रीमती शहनाज बानो पटेल ने बताया कि टाटा, पेंटागन, आयशर सहित अन्य कंपनियों में कार्यरत श्रमिक महिलाओं की ओर से यह प्रतिनिधिमंडल अपनी मांगों और समस्याओं को लेकर श्रम विभाग पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने श्रमिक हितों की रक्षा, महिलाओं को न्याय दिलाने तथा श्रम कानूनों का प्रभावी पालन सुनिश्चित करने की मांग की। इस दौरान अधिकारियों को श्रमिकों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई। मुलाकात के अवसर पर इंजीनियरिंग मजदूर सेवा संघ के अध्यक्ष राम गुर्जर सहित गजेंद्र जाट, शहनाज पटेल, धन कुंवर, पदमा सोलंकी, आराफत खान, सपना मेहरा, डोरा ठाकुर, तारा विजयवर्गीय, नीलू मोदी, रिंकी गिरी, रचना जायसवाल, पूजा चौहान, भावना भाटिया एवं अन्य कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे। अंत में सभी श्रमिक साथियों ने मजदूर एकता जिंदाबाद के नारों के साथ श्रमिक अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

## नवनियुक्त एल्डरमैनों का पदभार ग्रहण समारोह आयोजित



**भौंरासा।** नगर परिषद भौंरासा में नवनियुक्त एल्डरमैन मुकेश कुमावत, प्रदीप मंत्री, मुरारीलाल लोधी एवं नरबत यादव का पदभार ग्रहण समारोह गत दिवस आयोजित किया गया। कार्यक्रम से पूर्व बड़े हनुमान चौक में स्थित बाबा खेड़ापति सरकार के दर्शन किए। तत्पश्चात ढोल-नगाड़ों व आतिशबाजी के साथ नगर परिषद पहुंचे, जिनका नगर में जगह-जगह स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नप अध्यक्ष संजय जोशी थे एवं अध्यक्षता उपाध्यक्ष जयसिंह राणा ने की। वहीं विशेष अतिथि के रूप में बाबूलाल डोडिया, भगवानसिंह कामदार, आरामसिंह ठाकुर, रामचरण धाकड़, कैलाश यादव, यशवंतसिंह राजपूत, सचिन यादव, रोहित जायसवाल, सुरेश मालवीय उपस्थित थे।


## जाहिर सूचना

क्रमांक - 06 | दि. 31-05-2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती वर्षा कुंडल पति श्री संदीप कुंडल निवासी-241-एच, शालीमार बंगलो पार्क, सुखलिया, इंदौर (म.प्र.) के स्वामित्व व अधिकार के दो प्लाट क्रं. 57 व 58 जो कि चामुण्डा नगर, देवास में स्थित है। प्रत्येक प्लाट का कुल क्षेत्रफल 30 फीट बाय 50 फीट 1500 वर्गफीट (139.40 वर्गमीटर) व 30 फीट बाय 50 फीट = 1500 वर्गफीट (139.40 वर्गमीटर) है, को वर्षा कुंडल के द्वारा नियुक्त आममुख्त्यार श्री संतोष कुंडल पिता श्री गुरुप्रसाद कुंडल निवासी-241-एच, शालीमार बंगलो पार्क, सुखलिया, इंदौर (म.प्र.) के माध्यम से सौदा तय किया है। दोनों प्लाट की चर्तुसीमा निम्नानुसार है.-

**प्लाट नं. 57**

पूर्व में प्लाट नं. 56 — पश्चिम में-प्लाट नं. 58 पर निर्मित मकान
उत्तर में चामुण्डा नगर खुला भाग — दक्षिण में कालोनी का रोड़

**प्लाट नं. 58**

पूर्व में-प्लाट नं. 57 — पश्चिम में प्लाट नं. 59
उत्तर में चामुण्डा नगर खुला भाग — दक्षिण में कालोनी का रोड़

यह कि उक्त वर्णित दोनों प्लाट पर किसी व्यक्ति या वारसान, बैंक सोसायटी, शासकीय, अशासकीय, अर्धशासकीय, तेहसील अथवा अन्य किसी का भार बोझ, ऋण, स्वत्व या बकाया आदि हो तो अपनी आपत्ति सप्रमाण इस प्रकाशन के 07 दिवस में मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। समयावधि निकलने के पश्चात मेरे पक्षकार के द्वारा अपने हित में योग्य दस्तावेज का निष्पादन करवा लिया जावेगा। इसके पश्चात किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितो पर बंधनकारी नहीं होगी। अतः सूचित हो।

नितीन कुमार गौर (एडव्होकेट) मो.नं. 94250 48425
31, ए.बी रोड़, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, देवास म.प्र.

### ग्राम पंचायत गुराड़िया बाजयाप्त एवं दोनिया में विधायक ने 65 लाख के विकास कार्यो का किया भूमिपूजन

# ग्राम पंचायत दोनिया बनेगी जनपद पंचायत की आदर्श ग्राम पंचायत, होगा समग्र विकास





## भूमिपूजन करने पहुंचे विधायक को घोड़ी पर बैठाकर निकाला जुलूस, किया स्वागत

**जागरण, आष्टा।** ग्राम पंचायत गुराड़िया बाजयाप्त एवं लाखूखेड़ी तथा दोनिया के ग्राम शोभाखेड़ी में विधायक ने विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। गुराड़िया बाजयाप्त एवं लाखूखेड़ी में 55 लाख रूपए के विकास कार्य का भूमिपूजन किया तथा शोभाखेड़ी में 10 लाख रूपए के विकाय का लोकार्पण किया एवं ग्रामीणों की मांग पर विधायक ने 5 लाख रूपए देने की घोषणा की। ग्राम लाखुखेड़ी पहुचे विधायक का घोड़ी पर बैठा कर जुलूस निकाला।

विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा कि जब मैं ग्राम में पढाई कर उच्च पढ़ाई के लिये भोपाल गये, महानगर का स्तर, रहन सहन देखा तब मन मैं विचार आया की हमारे लोग ग्रामो में किस तरह समस्याओं के बीच, साधनों की कमी के साथ जीवन यापन करते हैं, तब मन मे यह विचार आया कि जब एक दिन हम कुछ बने तो ग्रामो की कायाकल्प कर सुविधाओ में वृद्धि करूंगा, ग्रामो की स्थिति में सुधार कर साधन संपन्न बनाने के प्रयास करूंगा। पढ़ाई के बाद कांग्रेस में रह कर राजनीति की लेकिन सफलता नही मिली। जब उधर से इधर आया मतलब कांग्रेस को अलविदा कर भाजपा में शामिल हुआ, तब भाजपा के कार्यकर्ताओं ने मुझे स्वीकार किया। पार्टी ने चुनाव लड़ाया और कार्यकर्ताओ ने मेरा वर्षो का वनवास खत्म कराया। आप सब के आशीर्वाद से विधायक बना और अब जो सपना ग्रामो के विकास का देखा था वो आज पूरे करने के प्रयास कर रहा हूं। विधायक श्री इंजीनियर ने ग्रामीणों को बताया कि मेरे ढाई वर्ष से अधिक के कार्यकाल में आष्टा विधानसभा क्षेत्र में 56 मांगलिक भवन 25-25 लाख के स्वीकृत कराये हैं। स्वच्छ पानी के लिए क्षेत्र में 14 सो करोड़ की जल जीवन मिशन के द्वारा हर घर को नल से जल योजना प्रगति पर है। जिससे 283 ग्राम लाभांवित होंगे। 144 ग्राम पंचायतों में से 100 से अधिक पंचायतों में पानी के टैंकर दिए हैं। विधायक कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार ग्राम लाखुखेड़ी में 20 लाख के टीन शेड, 25 लाख के मांगलिक भवन, गुराड़िया बाजयाप्त में 11 लाख से टीन शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इसी प्रकार ग्राम शोभाखेड़ी में मालवीय समाज की धर्मशाला में 10 लाख की लागत से बने टीन शेड का लोकार्पण किया। सरपंच जितेंद्रसिंह शोभाखेड़ी ने पेबर्स ब्लॉक की मांग की हैं, उसके लिये विधायक श्री इंजीनियर ने 5 लाख की घोषणा की, वही हनुमान मंदिर, रामदेव एवं सीतलामाता मंदिर के लिए भी 50-50 हजार की राशि की घोषणा की। विधायक ने दोनिया पंचायत को आदर्श ग्राम पंचायत बनाने की घोषणा करते हुए कहा कि इस पंचायत में चार ग्राम आते हैं, कोई चिंता ना करे चारो ग्रामो का विकास होगा। इस पंचायत के सभी 450 पीएम आवास की सूची को भी स्वीकृति मिलने वाली हैं, सबके नाम आवास में जुड़ेंगे। पृथक-पृथक कार्यक्रमों में ग्राम पंचायत गुराड़िया बाजयाप्त के सरपंच महेंद्रसिंह ठाकुर, ओंकारसिंह ठाकुर, जावर मंडल अध्यक्ष विजेंद्रसिंह ठाकुर, नगर महामंत्री मोहित सोनी, खाचरौद मंडल अध्यक्ष शिव पाटीदार, मेहरबानसिंह ठाकुर, ज्ञानसिंह ठाकुर, महेंद्रसिंह ठाकुर, राजेंद्रसिंह दरबार, बलवीरसिंह ठाकुर, धर्मेंद्र मालवीय, फूलसिंह ठाकुर, कमलसिंह सन्नाटा, हरेंद्र ठाकुर, सौरभ जैन, खुमानसिंह ठाकुर एवं ग्राम शोभाखेड़ी में सरपंच जितेंद्रसिंह शोभाखड़ी, हरेंद्रसिंह ठाकुर, अजबसिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थें।

**◆ शोभाखेड़ी में 10 लाख से बने टीन शेड का विधायक ने किया लोकार्पण, पेवर्स ब्लॉक के लिए 5 लाख की घोषणा**

### कथा श्रवण करने पहुंचे धाम सरकार

## सत्संग व्यक्ति को आत्मबल धैर्य और दिशा प्रदान करता है



**जागरण, आष्टा।** नवीन कृषि उपज मंडी परिसर में संतश्री कमलकिशोर नागर जी गो भक्त मंडल द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर मालवा माटी के पंडित कमलकिशोर नागर महाराज ने श्रवण कराया कि जिसने जीवन दिया हैं, वही पालन-पोषण का कार्य भी करेगा, इसलिए मनुष्य को आवश्यकता से अधिक चिंता नहीं करनी चाहिए। अपने सभी कार्य और चिंताएं प्रभु को समर्पित कर विश्वास के साथ जीवन जीना चाहिए। कथा श्रवण करने धाम सरकार भी पहुंचे।

पंडित कमलकिशोर नागर महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत धारण करने की दिव्य लीला का मार्मिक वर्णन किया। पंडित कमलकिशोर नागर महाराज ने बताया कि जब देवराज इंद्र अपने अहंकार में आकर ब्रजभूमि पर प्रचंड वर्षा, आंधी और तूफान बरसाने लगे, तब चारों और हाहाकार मच गया। ब्रजवासी भयभीत हो उठे और अपनी रक्षा के लिए भगवान श्रीकृष्ण की शरण में पहुंचे।

भक्तों की रक्षा के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी छोटी उंगली पर विशाल गोवर्धन पर्वत उठा लिया। सात दिनों तक लगातार मूसलाधार वर्षा, तेज आंधी और तूफान चलता रहा, लेकिन गोवर्धन पर्वत की छत्रछाया में सभी ब्रजवासी, गौमाता और जीव-जंतु सुरक्षित रहे। इस प्रसंग को वर्तमान से जोड़ते हुए गुरुदेव ने कहा कि कल कथा के दौरान मात्र पांच मिनट के लिए चली तेज हवा ने हम सभी को हिला दिया था। जरा विचार कीजिए, सात दिनों तक लगातार चलने वाले भीषण तूफान, आंधी और मूसलाधार वर्षा के बीच ब्रजवासियों की क्या स्थिति रही होगी। ऐसे संकट के समय भगवान श्रीकृष्ण ही उनके रक्षक और एकमात्र सहारा बने थे। अंततः इंद्र का अहंकार समाप्त हुआ और उन्हें भगवान की महिमा का बोध हुआ।

संतश्री नागर ने कहा कि भगवान की यह लीला हमें सिखाती हैं कि जब मनुष्य सच्चे मन से प्रभु का आश्रय लेता है तो भगवान स्वयं उसकी रक्षा करते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से कहा कि सत्संग और कथा से जुड़े रहने पर समाज के ताने, आलोचनाएं और नकारात्मक बातें मन को विचलित नहीं कर पातीं। सत्संग व्यक्ति को आत्मबल, धैर्य और सही दिशा प्रदान करता है।

गुरुदेव ने कहा कि यह संसार, घर-परिवार और रिश्ते-नाते सब मोह-माया का हिस्सा हैं, लेकिन जीवन निर्वाह के लिए इनका महत्व भी है। मनुष्य को अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए प्रयास करना चाहिए कि वह इनमें आवश्यकता से अधिक न उलझे। जिस दिन आत्मा शरीर का त्याग करती हैं, उस दिन सबसे प्रिय संबंध भी साथ नहीं जाते। अंतिम यात्रा तक साथ चलने वाले लोग भी लौटकर स्नान कर अपन-अपने कार्यों में लग जाते हैं, इसलिए जीवन में प्रभु भक्ति और सत्संग को सर्वोच्च स्थान देना चाहिए। कथा के दौरान भावुक होते हुए गुरुदेव ने कहा कि उनकी प्रभु से यही प्रार्थना है कि उन्हें पुनः इसी भूमि और इसी क्षेत्र में जन्म मिले, ताकि वे फिर से भगवान की कथा श्रवण कर सकें और भक्तों के बीच भक्ति का रसपान कर सकें। संतश्री नागर गो भक्त मंडल ने आयोजन में सहयोग प्रदान करने वाले विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, राजस्व विभाग, जनपद पंचायत, पार्वती थाना, स्वास्थ्य विभाग, कृषि उपज मंडी समिति, विद्युत कंपनी, समस्त दानदाताओं, समाजसेवी, संगठनों, विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं तथा क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों का विशेष आभार किया।

## मुनि सागरजी ससंघ को चातुर्मास के लिए आज श्रीफल भेंट करने जाएंगे दिगंबर जैन समाजजन

**जागरण, आष्टा।** मुनिश्री मुनि सागर जी महाराज ससंघ के आगामी चातुर्मास को लेकर आष्टा दिगंबर जैन समाज विशेष उत्साह से तैयारियों में जुटा हुआ है। इसी क्रम में रविवार 31 मई को इंदौर स्थित नेमिनगर जैन कॉलोनी में आयोजित विशेष धार्मिक कार्यक्रम में आष्टा जैन समाज द्वारा मुनिश्री मुनि सागर जी महाराज ससंघ को आष्टा चातुर्मास हेतु विधिवत श्रीफल भेंट कर निवेदन किया जाएगा। समिति द्वारा समाजजनों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त करें तथा अपने साथ एक-एक श्रीफल अवश्य लेकर चलें। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इंदौर जाने के लिए बस की व्यवस्था की गई हैं। रविवार प्रातः 6 बजे जैन धर्मशाला से रवाना होगी। समाज के नरेंद्र गंगवाल एवं मुनि सेवा समिति के अध्यक्ष संदीप जैन ने समाजजनों से इस धार्मिक आयोजन में सहभागिता कर सफल बनाने की अपील की है। समाजजनों का मानना हैं कि संतों के सान्निध्य में चातुर्मास का आयोजन किसी भी नगर के लिए आध्यात्मिक सौभाग्य का विषय होता है।

## ग्राम मैना में संत सिंगाजी महाराज को चढ़ाया निशान



**जागरण, आष्टा।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी ग्राम मैना संतश्री सिंगाजी महाराज के भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजन में शाम को आस पास की भजन मंडलियों ने पहुंच कर संतश्री सिंगाजी मंदिर में पूरी रात भजन किए एवं सुबह निशान चढ़ाया गया। संतश्री सिंगाजी महाराज के निशान को पूरे ग्राम के प्रमुख मार्गो से निकाला गया, जिसकी अनेक स्थानों पर पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं ने पूजन किया। निशान चढ़ाने के बाद भंडारे का आयोजन शिव मंदिर तवड़ा पर किया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

## संघ शिक्षा वर्ग का प्रकट उत्सव आज

**जागरण शाजापुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित मालवा प्रांत के संघ शिक्षा वर्ग व्यवसायी का समापन आज रविवार, 31 मई 2026 को सायं 5.30 बजे छत्रपति शिवाजी स्टेडियम ग्राउंड, शाजापुर में आयोजित होने वाले प्रकट उत्सव के साथ सम्पन्न होगा। संघ शिक्षा वर्ग में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए शिक्षार्थियों ने निर्धारित अवधि में शारीरिक, बौद्धिक एवं संगठनात्मक विषयों का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। प्रकट उत्सव के माध्यम से शिक्षार्थी वर्ग के दौरान अर्जित कौशल, अनुशासन, समता, योग, व्यायाम तथा विभिन्न शारीरिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन नगर के नागरिकों के समक्ष करेंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की परंपरा में प्रकट उत्सव केवल प्रशिक्षण प्रदर्शन का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि समाज और संगठन के बीच आत्मीय संवाद का एक महत्वपूर्ण अवसर भी है। इस दौरान संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक, मातृशक्ति एवं बड़ी संख्या में स्वयंसेवक मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में वर्ग के शिक्षार्थियों द्वारा सामूहिक शारीरिक प्रदर्शन, घोष वादन तथा प्रशिक्षण के विविध आयामों की प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही संघ के वरिष्ठ अधिकारी का मार्गदर्शन भी प्राप्त होगा, जिसमें राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता एवं संगठित समाज की आवश्यकता पर विचार रखे जाएंगे।

## ब्रेक फेल होने से बेकाबू हुई यात्री बस

**जागरण शाजापुर।** ब्रेक फेल होने से बेकाबू हुई यात्री बस ने बाइक और कार को टक्कर मार दी, इस घटना में तीन लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार सारंगपुर की ओर से आ रही बालाजी बस के शनिवार दोपहर शाजापुर मंडी के पास निर्माणाधीन पुलिया के निकट अचानक ब्रेक फेल हो गए। ब्रेक फेल होने के कारण बस चालक अपना नियंत्रण खो बैठा और बेकाबू हुई बस ने सबसे पहले आगे चल रहे बाइक सवारों को अपनी चपेट में लिया। इसके बाद एक अन्य चार पहिया वाहन से जा भिड़ी।

हादसा होते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एकत्रित हो गए। लोगों ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। घायलों में ग्राम मझानिया निवासी जितेंद्र, लक्ष्मण और उसकी मां सानूबाई शामिल हैं। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बस को अपने कब्जे में ले लिया।

# नाबालिग के अपहरणकर्ता को पनाह देने वाला फरार रिश्तेदार गिरफ्तार




**जागरण शाजापुर।** थाना मो. बड़ोदिया पुलिस ने एक नाबालिग बालिका का अपहरण करने वाले मुख्य आरोपी को पनाह देने के आरोप में काफी समय से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में मुख्य अपहरणकर्ता को पहले ही पकड़ लिया था, जबकि उसे शरण देने वाला उसका रिश्तेदार पुलिस की गिरफ्त से बाहर था, जिसे अब गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गत 6 मई 2026 को मो. बड़ोदिया थाने में एक फरियादी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग बेटी बीती शाम अपनी मां को खेत से बुलाने के लिए घर से निकली थी, जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल अपराध दर्ज कर बालिका की तलाश शुरू कर दी थी। जांच के दौरान मुखबिर से मिली पुख्ता सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने 9 मई 2026 को राजगढ़ जिले के ग्राम धतरावदा में दबिश दी। यहां पुलिस ने आरोपी लोकेंद्र सिंह पिता बाबू सिंह राजपूत के कब्जे से अपहृता को सकुशल बरामद कर लिया था। यह कार्रवाई लोकेंद्र के मौसा कमल सिंह के घर पर की गई थी। उस वक्त पुलिस ने मुख्य आरोपी लोकेंद्र को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया था। अपहृत बालिका ने पुलिस को दिए अपने बयानों में खुलासा किया था कि आरोपी लोकेंद्र ने उसे अपने मौसा कमल सिंह पिता शंभू सिंह राजपूत, निवासी ग्राम धतरावदा, जिला राजगढ़ के घर पर रखा था। पुलिस के अनुसार, घटना की पूरी जानकारी होने के बावजूद कमल सिंह ने न सिर्फनाबालिग बालिका और आरोपी को अपने घर में पनाह दी, बल्कि पुलिस को भी इसकी कोई सूचना नहीं दी। इस प्रकार उसने मुख्य आरोपी के आपराधिक कृत्य में उसका पूरा सहयोग किया। बालिका के बयानों और मामले के खुलासे के बाद से ही आरोपी मौसा कमल सिंह फरार चल रहा था। पुलिस की टीम उसकी सरगर्मी से तलाश कर रही थी। अंततः 30 मई शनिवार को को पुलिस ने फरार आरोपी कमल सिंह को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। इस पूरी कार्रवाई को सफलतापूर्वक अंजाम देने में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अरविंद सिंह तोमर, उपनिरीक्षक के.एन. यादव, प्रधान आरक्षक जितेंद्र सितपरा और आरक्षक शैलेंद्र शर्मा, शैलेंद्र गुर्जर, सुरेश राठौर व अर्जुन सिंह बागड़ी की सराहनीय भूमिका रही।

## चिल्लर नदी के पास कचरा वाहन हेल्पर से बेरहमी से मारपीट





**जागरण शाजापुर।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में एक युवक के साथ बेरहमी से मारपीट का मामला सामने आया है। श्मशान घाट के पास दो युवकों ने एक युवक के साथ बेल्ट और प्लास्टिक के पाइप से मारपीट की। घटना के बाद आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, बेरछा रोड रेलवे पुलिया के पास रहने वाले 22 वर्षीय फरियादी सूरज पंवार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह नगर पालिका के कचरा वाहन में हेल्पर का काम करता है। उसने बताया कि शुक्रवार शाम करीब 7 बजे वह राजेश्वरी मंदिर के पास स्थित चिल्लर नदी पर गया था। इसी दौरान वहां अनिल और उसका एक साथी मिल गए। दोनों आरोपियों ने सूरज को पुराने श्मशान घाट के पास बुलाया और इस बात को लेकर विवाद करने लगे कि वह नदी क्षेत्र में क्यों आया है। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों ने उसे अश्लील गालियां देना शुरू कर दिया। जब सूरज ने गालियों का विरोध किया, तो आरोपी अनिल ने बेल्ट निकाल ली और उसके साथी ने वहां पड़े प्लास्टिक के पाइप से उस पर हमला कर दिया। इस मारपीट में सूरज की पीठ, छाती, होंठ, गर्दन और सिर पर काफी चोटें आई। बेरहमी से की गई इस पिटाई के कारण युवक की पीठ पर चोट के निशान भी उभर आए। पीड़ित का आरोप है कि मारपीट करने के बाद दोनों आरोपियों ने उसे धमकाते हुए कहा कि यदि वह दोबारा इस इलाके में नजर आया, तो उसे जान से खत्म कर देंगे। घटना के बाद डरा-सहमा युवक अपने घर पहुंचा और परिजनों को पूरी आपबीती सुनाई। इसके बाद परिजनों के साथ कोतवाली थाने पहुंचकर उसने आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## प्रथम पुण्यतिथि पर आर्य परिवार ने कराया मोक्ष द्वार और जलांजलि स्थल का निर्माण



**जागरण बेरछा।** वरिष्ठ समाजसेवी एवं सेवानिवृत प्रधानाध्यापक सिद्धनाथ सिंह सोलंकी की धर्मपत्नी ओर वरिष्ठ पत्रकार आनंद आर्य अमित आर्य की माताजी स्व. सजन बाई सोलंकी की प्रथम पुण्यतिथि पर अजा बाग बेरछा ग्राम में शुक्रवार शाम 6 बजे श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस आयोजन में क्षेत्रीय विधायक अरुण भीमावद, भाजपा मंडल अध्यक्ष राधेश्याम गुर्जर, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ सीपी नाहर, जनपद सदस्य किशोर भीमावद, सरपंच प्रतिनिधि जेपी नाहर सहित समाजजन मौजूद रहे। सोलंकी और आर्य परिवार द्वारा स्व माताजी की पुण्य स्मृति में निजी व्यय से शांति धाम में मोक्ष द्वार एवं जलांजलि स्थल का निर्माण करवाया गया है। श्रृद्धाजंलि सभा में विधायक श्री भीमावद ने कहा कि आर्य परिवार ने शांतिवन में समाज के लिए जो कार्य किए जाते है उसमें समाजजनों को प्रेरणा जरूरी मिलती है। प्रेरणा ही वह शक्ति है जो साधारण व्यक्ति को असाधारण कार्य करने के लिए तैयार करती है। जब मन में सेवा का भाव और कुछ अच्छा करने की चाह जागती हैए तभी समाज में बदलाव की शुरुआत होती है।

बिना प्रेरणा के किए गए कार्य केवल औपचारिकता बनकर रह जाते हैं, लेकिन जब दिल से प्रेरणा जुड़ जाती है, तो वही कार्य समाज के लिए उदाहरण बन जाते हैं। सभा का संचालन सत्यपाल शास्त्री ने किया।

## ग्राम मोड़ी में पोक्सो अधिनियम पर जागरुकता शिविर आयोजित




**जागरण सुसनेर।** तहसील विधिक सेवा समिति सुसनेर एवं पुलिस विभाग जिला आगर.मालवा के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम मोड़ी में पोक्सो अधिनियम पर विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में न्यायिक मजिस्ट्रेट सुसनेर अरुंधति परस्ते ने ग्रामीणों, महिलाओं एवं बच्चों को नाबालिगों के विरुद्ध होने वाले लैंगिक अपराधों की जानकारी देते हुए पोक्सो अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों से अवगत कराया।

उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा एवं उनके अधिकारों की रक्षा करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। बच्चों के साथ होने वाले किसी भी प्रकार के शोषणए दुर्व्यवहार या अपराध की जानकारी मिलने पर तुरंत संबंधित अधिकारियों एवं पुलिस को सूचना देने की समझाइश दी गई। शिविर में बच्चों के सुरक्षित बचपनए उनके संरक्षण तथा कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को बाल सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान कर समाज में जागरूकता एवं संवेदनशीलता बढ़ाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणजन एवं विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## न्यूज कार्नर

### घाट पर श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश

**जागरण बुधनी।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद सेक्टर बुधनी की नवांकुर संस्था गुरुग्राम विकास समिति ग्वांडिया एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कीर मकोडिया द्वारा रेवा सेवा समागम कार्यक्रम का आयोजन सातधारा घाट पर किया गया, मां नर्मदा जी की आरती पश्चात ब्लॉक समन्वयक इंदर निकुम ,समाजसेवी श्रीमती रामबती कीर, नवांकुर संस्था सचिव चैन सिंह कीर, प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष ओम प्रकाश कीर , समिति के सदस्यों ग्रामीणों ने स्वच्छता श्रमदान एवं , जन जागरूकता कार्य किया गया व घाट पर उपस्थित श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों को मां नर्मदा में गंदगी न करने के संबंध में बताया गया।

### समापन पर विद्यार्थियों को दिए प्रमाण पत्र

**जागरण, भैरुंदा ( नसरुल्लागंज )।** ग्रीष्मकालीन समर कैंप का शनिवार को समापन हुआ। समापन के दौरान विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने के लिए एक सराहनीय पहल की गई। जिसके तहत शिविर में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को इंडियन क्रिकेट टीम की टी-शर्ट और प्रमाण पत्र वितरित किए गए। विशेषकर बेटियों को खेल के प्रति प्रेरित करने और महिला क्रिकेट टीम को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उठाया गया यह कदम पूरे नगर में चर्चा का विषय रहा। मुख्य अतिथि पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक मोर्चा वित्त विकास निगम के अध्यक्ष रवि मालवीय एवं मारुति शिशिर ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**आवश्यकता है**
बुधनी स्थित फैक्ट्री में कार्य हेतु
- इलेक्ट्रीशियन -1 (3 Phase working)
- फिटर -2 (Transformer body)
- वेल्डर-3 (MIG Welding)
- सिक्योरिटी गार्ड -2

संपर्क
07223866734, 09669041861

गांव-देहातों में इस समय पानी की बूंद-बूंद के लिए भारी मशक्कत करनी पड़ रही

# कागजों पर नल-जल और जमीन पर हलक सूखा, पानी के लिए मचा हाहाकार




**जागरण भैरुंदा( नसरुल्लागंज )।** मई महीने की तपती दुपहरी और आसमान से बरसती आग ने ग्रामीण इलाकों में जिंदगी दूभर कर दी है। गांव-देहातों में इस समय पानी की बूंद-बूंद के लिए भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। सरकार की महत्वाकांक्षी नल-जल योजना ग्रामीण अंचलों के लिए रेगिस्तान में मृगतृष्णा साबित हो रही है। दावे तो हर घर पानी पहुंचाने के थे। लेकिन हकीकत यह है कि आज भी ग्रामीण सिर पर बर्तनों का बोझ उठाए कई किलोमीटर पैदल चलने को मजबूर हैं। जल संकट का आलम यह है कि नदी-नालों ने पहले ही दम तोड़ दिया है और भू-जल स्तर पाताल में चले जाने से हैंडपंपों ने भी जवाब दे दिया है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अफसर ग्रामीण इलाकों में मौके पर जाने से लगातार परहेज कर रहे हैं। जिससे जनता में त्राहि-त्राहि मची हुई है।

ऐसा नहीं है कि गांवों में योजनाएं नहीं पहुंचीं लेकिन विभागीय लापरवाही और ठेकेदारों की मनमानी ने इस व्यवस्था को बेपटरी कर दिया है। कई गांवों में पानी की विशाल टंकियां तो खड़ी कर दी गई हैं। लेकिन उनके नीचे बिछने वाली पाइपलाइन का कोई अता-पता नहीं है। वहीं कुछ गांवों में टंकी और पाइपलाइन का काम पूरा होने के बावजूद समय पर टंकी न भरे जाने के कारण टोटियां सूखी पड़ी हैं। इस बदइंतजामी के चलते ग्रामीणों को बेहद कम पानी में ही अपना गुजर-बसर करना पड़ रहा है। जबकि इस भीषण गर्मी में पानी की सबसे ज्यादा जरूरत होती है।

इस संकट के बीच हैंडपंप भी ग्रामीणों का साथ छोड़ रहे हैं। पीएचई विभाग के कागजी आंकड़े और जमीन की सच्चाई में जमीन-आसमान का फर्क है। विभागीय अफसर बंद कमरों में बैठकर दावा कर रहे हैं कि पूरे क्षेत्र में अधिकतर हैंडपंप चालू हालत में हैं। इसके विपरीत वास्तविक स्थिति यह है कि अमूमन हर गांव में दो से तीन हैंडपंप महीनों से बंद पड़े हैं और विभाग इस ओर ध्यान देने को तैयार नहीं है। मई की इस भीषण गर्मी में यदि जल्द ही इन अधूरी योजनाओं और लीकेज टंकियों को दुरुस्त नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में ग्रामीणों का गुस्सा सड़कों पर फूट सकता है।

### मवेशी बांधने के आ रहे काम

ग्रामीण अंचलों में सरकारी दावों और जमीनी हकीकत के बीच का अंतर देखना हो तो लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के हैंडपंपों की हालत देख लीजिए। भीषण गर्मी के इस दौर में जहां ग्रामीण बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। वहीं विभाग के लाखों रुपये की लागत से लगे हैंडपंप अब पानी उगलने के बजाय मवेशी बांधने के काम आ रहे हैं। ग्रामीण इलाकों से आई तस्वीरें और शिकायतें बताती हैं कि महीनों से बंद पड़े और सुध न लिए जाने के कारण यह हैंडपंप अब पूरी तरह शोपीस बन चुके हैं। पानी न आने से परेशान ग्रामीणों ने अब इन बंद पड़े हैंडपंपों का एक नया उपयोग ढूंढ निकाला है और वह अपनी गाय और भैंसों को बांधने के लिए इन हैंडपंपों को लोहे के मजबूत खूंटे की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं।

### शिकायत के बाद भी नही हुआ समाधान

ग्रामीणों का कहना है कि हैंडपंप खराब होने की शिकायत कई बार स्थानीय स्तर पर की जा चुकी है। लेकिन पीएचई विभाग के जिम्मेदार अधिकारी और मैदानी अमला दफ्तरों से बाहर निकलने को तैयार नहीं है। गर्मी में जब इंसानों और मवेशियों दोनों के लिए पानी का संकट गहराया हुआ है। तब सरकारी संपत्ति का इस तरह का नजारा विभाग की कार्यप्रणाली पर सीधे गंभीर सवाल खड़े करता है।

## चोरी की भैंसें मछबाई से बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार



**जागरण बुधनी।** बुधनी पुलिस ने पशु चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए चोरी गई दो भैंस एवं दो पड़िया बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।पुलिस के अनुसार ग्राम तालपुरा निवासी नरेश पवार ने 18 अप्रैल 2026 को थाना बुदनी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि माना स्थित इंडस्ट्रियल एरिया टंकी के पास से उसकी एक मुर्रा नस्ल की भैंस, एक देशी नस्ल की भैंस तथा दो मुर्रा नस्ल की पड़िया चोरी हो गई हैं। मामले की जांच के दौरान पता चला कि आरोपी नितेश चौहान उर्फ पप्पू ने पशुओं की चोरी कर उन्हें ग्राम मछबाई ले जाकर छिपा दिया था। जांच के आधार पर थाना बुदनी में आरोपी के विरुद्ध अपराध दर्ज कर बीएनएस के तहत विवेचना शुरू की गई।

पुलिस अधीक्षक सीहोर सोनाक्षी सक्सेना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत एवं एसडीओपी बुदनी रवि शर्मा के निर्देशन में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक संदीप जाट के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए नितेश चौहान उर्फ पप्पू (43) निवासी नर्मदा वैली कॉलोनी बुधनी तथा रोहित वर्मा (24) निवासी रेलवे ब्रिज के नीचे बुधनी को 28 मई को गिरफ्तार किया। आरोपियों को शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

### चकल्दी में मगरमच्छ की मौत का सस्पेंस: जमीन पर डॉग स्क्वाड भी खाली हाथ, जांच में उलझा वन विकास निगम



**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** शुक्रवार को रेहटी क्षेत्र के ग्राम चकल्दी और काकरखेड़ा नहर के आस-पास के खेतों में एक मगरमच्छ को ग्रामीणों द्वारा बेरहमी से मारे जाने की खबर ने हड़कंप मचा दिया है। सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं। जिसमें दावा किया जा रहा है कि ग्रामीणों ने कानून को हाथ में लेकर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से मगरमच्छ की जान ले ली। हालांकि इस पूरे मामले में ट्विस्ट तब आया जब दो दिनों की सर्चिंग के बाद भी वन विभाग को जमीन पर न तो मगरमच्छ मिला और न ही उसका शव फिलहाल इस पूरी घटना को लेकर गहरा सस्पेंस बन गया है। शनिवार को सीहोर से बुलाई गई डॉग स्क्वाड की टीम ने करीब 3 किलोमीटर के दायरे में सघन सर्चिंग ऑपरेशन चलाया। लेकिन मगरमच्छ या उसके अवशेष का कहीं कोई पता नहीं चला। अधिकारियों के मुताबिक घटना स्थल से लगभग 3 से 4 किलोमीटर के एरिया में खेतों में सिंचाई की व्यवस्था तो है। लेकिन इसके अलावा वहां कोई बड़ा तालाब, पोखर, नदी या नाला नहीं है। ऐसी स्थिति में इतनी दूर मगरमच्छ कैसे आया और अब वह कहां गायब है इसे लेकर सस्पेंस बना हुआ है। वायरल खबरों के अनुसार भीषण गर्मी में पानी के स्रोत सूखने के कारण एक मगरमच्छ रास्ता भूलकर चकल्दी के समीप कृषि फार्मों केबीच जा पहुंचा। दोपहर के वक्त जब खेतों में काम कर रहे किसानों और मजदूरों ने इस भारी-भरकम जीव को रेंगते हुए देखा तो इलाके में चीख-पुकार मच गई। वायरल दावों के मुताबिक ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना देने के बजाय खुद ही मोर्चा संभाल लिया। सुरक्षा और आत्मरक्षा का हवाला देते हुए गुस्साई भीड़ ने मगरमच्छ की घेराबंदी की और पत्थरों व हथियारों से उस पर ताबड़तोड़ प्रहार कर दिए जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि विभाग के द्वारा की जा रही है।

### घर बैठे मिलेंगी बिजली सेवाएं, सरकार का मूल मंत्र जनता की सेवा और उनका कल्याण: मालवीय

**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** हमारी सरकार का मूल मंत्र जनता की सेवा और उनका कल्याण करना है। संपर्क अभियान 2026 इसी दिशा में उठाया गया एक ऐतिहासिक कदम है। अक्सर देखा जाता था कि छोटे-छोटे काम बिल सुधार, नाम परिवर्तन या लोड चेंज कराने के लिए हमारे किसान भाइयों और आम उपभोक्ताओं को बिजली दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते थे। जिससे उनका समय और पैसा दोनों बर्बाद होता था, लेकिन अब वक्त बदल चुका है। अब सरकार और बिजली विभाग खुद चलकर आपके दरवाजे पर आया है। उक्त बातें मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम के अध्यक्ष रवि मालवीय ने नगर के संगोष्ठी भवन में विद्युत विभाग के द्वारा आयोजित संपर्क अभियान शिविर के दौरान कहीं। मालवीय ने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि क्षेत्र का कोई भी उपभोक्ता परेशान न हो। मैं बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देता हूँ कि वह कैंप लगाकर मौके पर ही सौ फीसदी शिकायतों का निपटारा कर रहे हैं। मैं क्षेत्र की जनता से अपील करता हूँ कि वह इस अभियान का बढ़-चढ़कर लाभ उठाएं और किसी भी समस्या के लिए टोल-फ्री नंबर 1912 या नजदीकी वितरण केंद्र पर बेझिझक संपर्क करें। उल्लेखनीय है की मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा उपभोक्ताओं को राहत देने और उनकी समस्याओं का मौके पर ही निपटारा करने के लिए संपर्क अभियान 2026 की शुरुआत की है। इस अभियान के तहत विद्युत कंपनी के अधिकारी और कर्मचारी खुद चलकर उपभोक्ताओं के द्वार तक पहुँच रहे हैं। जिससे अब जनता को बिजली संबंधी विभिन्न महत्वपूर्ण सेवाएं सीधे उनके घर पर ही उपलब्ध हो सकेंगी। नगर के वार्ड नंबर 14 और गोपालपुर क्षेत्र के इटारसी में शुक्रवार को लगाए गए कैंपों में नए कनेक्शन और अन्य श्रेणी के कुल 40 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिन पर विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी 40 मामलों का ऑन-द-स्पॉट शत-प्रतिशत निराकरण कर दिया। जिससे लंबित शिकायतों का आंकड़ा शून्य पर आ गया है।

